जनसेवा, जवाबदेही और जागरूकता से मजबूत होगा भाजपा संगठन: मदन राठौड़

बीकानेर(निसं)। भाजपा बीकानेर शहर की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष सुमन छाजेड़ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में संगठनात्मक मजबूती, जनसंपर्क विस्तार एवं आगामी रणनीतियों को लेकर गहन मंथन किया गया।

मुख्य वक्ता प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की असली ताकत है और उसे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, सक्रियता और जिम्मेदारी के साथ करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया एवं आईटी के प्रभावी उपयोग के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी, पार्षद या सामान्य कार्यकर्ता–सभी को जनता के कार्यों के प्रति सजग, संवेदनशील और जवाबदेह रहना चाहिए। कार्यकर्ताओं का व्यवहार और कार्यशैली ही संगठन की पहचान एवं विश्वसनीयता को सुदृढ़ बनाती है। अपने संबोधन में राठौर ने पूर्व मुख्यमंत्री भैरोसिंह शेखावत और वसुंधरा राजे के जनकल्याणकारी कार्यों को स्मरण करते हुए उन्हें प्रेरणास्रोत बताया। उन्होंने कहा कि वैश्विक तनाव और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बीच भारत में गैस के जहाजों का आगमन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत नेतृत्व और प्रभावी कूटनीति का परिणाम है, जिसकी सराहना व्यापक स्तर पर हो रही है। प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जहां एक ओर कांग्रेस अफवाह फैलाने का प्रयास करती है, वहीं भाजपा कार्यकर्ता सत्य और विकास के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने में लगे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आ ान किया कि वे जनता के बीच जाकर सही जानकारी पहुंचाएं और जागरूकता बढ़ाएं। अपने उद्बोधन में उन्होंने बंगाल और कर्नाटक के राजनीतिक परिदृश्य का भी उल्लेख किया ।

भाजपा शहर देहात की संगठनात्मक बैठक को संबोधित करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़।

- भाजपा शहर देहात की संगठनात्मक बैठक में संगठन को मजबूत करने का दिया मंत्र

'मांडणे रंगोली' रंगों की रंगत-भावनाओं की संगत है : मालचंद तिवाड़ी

बीकानेर (निसं)। राजस्थानी साफा-पाग पगडी, कला संस्थान एवं थार विरासत की ओर से 538वें नगर स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित पांच दिवसीय 'उछब थरपणा' के तीसरे दिन आज प्रात: 10 बजे लक्ष्मीनारायण रंगा सृजन-सदन परिसर में मांडणा एवं रंगोली बनाने का आयोजन किया गया।

आयोजन के मुख्य अतिथि देश के ख्यातनाम साहित्यकार-चिंतक मालचंद तिवाड़ी ने इस अवसर पर कहा कि हमारी परंपरागत लोक कला एवं लोक संस्कृति को समर्पित यह आयोजन अपने आप में अनूठा है, जिसमें रंगों की रंगत और भावनाओं की संगत के साथ मांडणा-रंगोली युवा प्रतिभाओं ने उकेरे, जो एक से बढ़कर एक तथा मनमोहक हैं।आयोजन की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार कमल रंगा ने कहा कि मांडणा-रंगोली हमारी सांस्कृतिक विरासत है। इसको आध्यात्मिक प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण अंग भी माना गया है। सभी मांडणे एवं रंगोली मानवीय भावनाओं के प्रतीक हैं। आयोजन के संयोजक वरिष्ठ शिक्षाविद् राजेश रंगा ने बताया कि रंगोली के माध्यम से करीब 50 बालिकाओं ने अपनी कला के हुनर से चाईनीज मांझे के खिलाफ, नगर स्थापना के संदर्भ में, पर्यावरण के संदर्भ में, जल संकट के संदर्भ में, खेजड़ी बचाओ, पशु-पक्षी एवं मानवता के प्रति करूणा के भाव, राव बीकाजी, गंगा सिंह जी के चित्र आदि महत्वपूर्ण विषयों के साथ कई समकालीन संदर्भ एवं समस्याओं पर बेहतरीन रंगोली उकेरी जो अपने आप में प्रशंसा के योग्य है। आयोजन के सहप्रभारी युवा संस्कृतिकर्मी आशीष रंगा ने बताया कि इस ऐतिहासिक आयोजन में हेमलता व्यास, मीनाक्षी गौड़, अंजू राव, राजेश्वरी व्यास सहित अन्य महिला कला विशेषज्ञों की देखरेख में नगर की युवा प्रतिभाओं ने विभिन्न कलात्मक आकृतियों को उकेरते हुए पूरे परिसर को सुसज्जित कर दिया।

'उछब थरपणा' के तीसरे दिन मांडणा एवं रंगोली में विद्यार्थियों ने सजाई रंगोली।

सार-समाचार

अनूपगढ़ में मौसम बदला, बारिश हुई

अनूपगढ,(निसं)। क्षेत्र में मौसम ने अचानक करवट ली है। शुक्रवार को तेज धूप के बाद शनिवार सुबह से ही आसमान में काले बादल छा गए। सुबह करीब 9:30 बजे बारिश शुरू हो गई, जिससे तापमान में गिरावट आई और मौसम सुहावना हो गया। बारिश के कारण आम जनजीवन प्रभावित हुआ। बाजारों में भीड़ कम दिखी और आवागमन में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि, इस बारिश का सबसे अधिक असर किसानों पर पड़ा है। इस समय खेतों में गेहूं की फसल पूरी तरह पककर तैयार खड़ी है और किसान कटाई कार्य में लगे हुए हैं। किसानों के लिए यह समय बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि पूरे साल की मेहनत का परिणाम इसी अवधि में मिलता है। ऐसे में अचानक हुई बारिश ने उनकी चिंता बढ़ा दी है। बारिश से खेतों में खड़ी फसल गीली हो गई है, जिससे कटाई का काम रुक गया है। कई किसानों को मजबूरन कटाई रोकनी पड़ी है। किसानों ने प्रशासन और सरकार से अपील की है कि यदि फसल को नुकसान होता है, तो उचित सर्वे कराकर उन्हें मुआवजा दिया जाए। फिलहाल, किसान मौसम साफ होने का इंतजार कर रहे हैं ताकि कटाई का कार्य फिर से शुरू किया जा सके।

एलाइंस एयर की कागजी उड़ान, शेड्यूल जारी, पर आसमान में नहीं दिखा विमान

बीकानेर,(निसं)। यहा से जयपुर के बीच हवाई कनेक्टिविटी को लेकर बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन एलाइंस एयर की उड़ान फिलहाल कागजों तक ही सीमित नजर आ रही है। शेड्यूल जारी हो रहे हैं, टिकट बुकिंग खुल रही है, लेकिन विमान आसमान में उड़ान नहीं भर रहा। लंबे इंतजार के बाद समर शेड्यूल में शामिल हुई एलाइंस एयर की फ्लाइट ने यात्रियों को राहत देने के बजाय असमंजस में डाल दिया है। 10 अप्रैल से शुक्रवार और शनिवार को उड़ान शुरू होने की घोषणा की गई थी, लेकिन तय तारीख पर विमान ने उड़ान ही नहीं भरी। अब स्थिति यह है कि पहले दो दिन के शेड्यूल को घटाकर एक दिन कर दिया गया है। शनिवार की बुकिंग भी सिस्टम से गायब हो गई है और फिलहाल केवल सीमित तारीखों पर ही टिकट उपलब्ध दिख रहे हैं। एयरलाइन की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, अब 25 अप्रैल को बीकानेर से जयपुर के लिए दोपहर 2:45 बजे उड़ान का समय दिखाया जा रहा है, जो 3:55 बजे जयपुर पहुंचेगी। वहीं मई महीने में केवल एक दिन शुक्रवार की ही बुकिंग दिखाई दे रही है, जिसमें शाम 4:55 बजे प्रस्थान और 6:05 बजे आगमन का समय तय किया गया है। यात्रियों का कहना है कि बार-बार शेड्यूल बदलने और उड़ान रद्द होने से उनका भरोसा कमजोर हो रहा है।

सड़क सुरक्षा अभियान तेज, 80 चालान कटे

हनुमानगढ़,(निसं)। यातायात पुलिस ने सड़क सुरक्षा अभियान तेज कर दिया है। पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीणा के निर्देश पर नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को जंक्शन क्षेत्र के टाउन रोड स्थित घग्घर पुल पर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच की गई। यातायात शाखा प्रभारी अनिल चिन्दा के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई के दौरान लगभग 80 वाहन सवारों के चालान काटे गए। मुख्य उल्लंघनों में हेलमेट न पहनना, सीट बेल्ट का उपयोग न करना और तिपहिया वाहनों में क्षमता से अधिक सवारियां बैठाना शामिल थे। पुलिस ने चालान काटने के साथ ही वाहन सवारों को मौके पर ही यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश भी दी। जांच के दौरान कई दुपहिया वाहन सवार ऐसे भी मिले जिनके पास हेलमेट तो था, लेकिन वे उसे पहनने के बजाय बाइक पर टांगकर या डिग्गी में रखकर चल रहे थे। ऐसे सवारों को मौके पर ही हेलमेट पहनने के लिए कहा गया और भविष्य में इसका अनिवार्य रूप से उपयोग करने की चेतावनी दी गई। नाकाबंदी देखकर कई वाहन सवार रास्ता बदलकर भागने का प्रयास करते दिखे। इनमें से अधिकांश बिना हेलमेट के थे। इससे पहले रात को भी पुलिस ने अभियान के तहत शराब के नशे में वाहन चलाते पाए जाने पर एक ट्रक सहित दो वाहनों को जब्त किया था। टीआई अनिल चिन्दा ने वाहन सवारों से अपील की कि हेलमेट दुपहिया सवारों के लिए एक सुरक्षा कवच है, जो दुर्घटना की स्थिति में सिर को गंभीर चोटों से बचाता है। उन्होंने तेज गति से वाहन न चलाने, ओवरटेक करते समय सावधानी बरतने और शराब पीकर या मोबाइल फोन पर बात करते हुए वाहन न चलाने का आग्रह किया।

वन्देमात्रम मातृशक्ति टीम का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

बीकानेर ,(निसं)। वन्देमातरम मातृशक्ति टीम का शपथ ग्रहण समारोह आज शिवबाड़ी स्थित लालेश्वर महादेव मंदिर सभागार में आयोजित हुआ शिवबाड़ी पीठ के महंत विमर्शनानंद महाराज ने मंत्रोचारण के साथ शपथ दिलाई। इस अवसर पर महंत विमर्शानंद महाराज ने कहा कि नारी हमेशा पूजनीय रही है नारी को शक्ति का स्वरूप माना गया है और इतिहास में दर्ज है जब जब संकट आया तब शक्ति स्वरूपा मातृ शक्ति ने आगे आकर उस से उबारा है। वन्देमातरम मंच टीम के संयोजक विजय कोचर ने इस अवसर पर कहा कि भारतीय इतिहास में नारी ने अपने बूते दुश्मनों के दांत खट्टे किए है नारी जो कार्य अपने हाथ में लेती है उसको सफल अंजाम तक पहुंचाती है। वन्देमातरम महिला टीम की अध्यक्षा श्रीमती कामिनी विमल भोजक मैया ने कहा कि आज जिस तरह भारत में धर्म का हास हो रहा है और देश की आधी आबादी को कहने के लिए उसके हक की बात की जाती है उसी महिला शक्ति को अग्रणी पंक्ति में लाकर मुख्यधारा से जोड़ना और सनातन की रक्षा करने का कार्य करेंगेकार्यक्रम के दौरान वन्देमातरम मातृशक्ति टीम की तरफ से लालेश्वर महादेव मंदिर परिसर में पक्षियों के लिए पालसिये लगाए गए।और गुरुदेव की स्तुति सभी महिलाओं द्वारा गायन के रूप में भी की गई ।

हल्की बूंदाबांदी और आंधी, कभी तेज धूप, कभी बादल छाए

श्रीगंगानगर, (निसं)। जिले के ग्रामीण इलाकों में शनिवार सुबह हल्की बूंदाबांदी हुई। इसके बाद से बादलों की आवाजाही का दौर भी जारी है। कभी तेज धूप सताती है तो कभी छांव से राहत मिलती है। मौसम भी सुहाना बना हुआ है और धूल भरी आंधी चल रही है। बारिश का दौर थम चुका है और तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। मौसम राडार स्टेशन, श्रीगंगानगर पर शनिवार सुबह न्यूनतम तापमान 20.5 डिग्री रिकार्ड किया गया। गुरुवार को न्यूनतम तापमान 17.1 डिग्री और अधिकतम तापमान 32.02 डिग्री रिकार्ड किया गया।

जिला कलेक्टर ने बीछवाल रिजर्वायर का किया निरीक्षण

बीकानेर, (निसं)। जिला कलेक्टर निशांत जैन ने शनिवार को बीछवाल स्थित जलदाय विभाग के रिजर्वायर का निरीक्षण किया तथा पेयजल वितरण व्यवस्था के बारे में जाना।

जिला कलेक्टर ने कहा कि नहरबंदी और गर्मी के मौसम को देखते हुए विभाग अतिरिक्त सतर्कता रखे।

- गर्मी के मौसम और नहरबंदी के मद्देनजर अतिरिक्त सतर्कता बरतने के दिए निर्देश

शहरी क्षेत्र की पेयजल व्यवस्था सुचारु हो तथा आमजन को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। अधिकारी प्रत्येक स्थिति पर नजर रखे और कार्मिक संवेदनशीलता से कार्य करें और अंतिम छोर तक पानी पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने विभाग के कंटीजेंसी प्लान के बारे में जाना और इसके अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर निशांत जैन ने बीछवाल रिजर्वायर का किया निरीक्षण

जिला कलेक्टर ने कहा कि नहरबंदी के दौरान जलदाय विभाग के अधिकारी, इंदिरा गांधी नहर परियोजना विभाग से समन्वय बनाए रखें तथा पेयजल उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था से समय-समय पर आमजन को सूचित करें। जिला कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान झील पूर्ण क्षमता के साथ भरी हुई थी। जिला कलेक्टर ने कहा कि नहरबंदी से पूर्व तक झील को पूर्ण रूप से भरा रखा जाए, जिससे नहरबंदी के दौरान उपलब्धता के अनुसार प्रत्येक परिवार तक आवश्यक जलापूर्ति सुनिश्चित हो सके। इस दौरान जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता खेमचंद सिंगारिया, अधिशासी अभियंता श्री नितेश सागर व सहायक अभियंता श्री चंद्र मोहन इस दौरान मौजूद रहे।

बीकानेर के प्रमुख चित्रकार करेंगे चित्रकारी

बीकानेर,(निसं)। नगर के 539 वें स्थापना दिवस पर जिला प्रशासन, बीकानेर विकास प्राधिकरण, राजस्थान संगीत नाटक अकादमी, जोधपुर तथा श्री लक्ष्मीनाथ मंदिर विकास एवं पर्यावरण समिति के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा,जिसका शुभारंभ 12 अप्रैल ,रविवार को सुबह 10:00 बजे बीकानेर के 15 सुप्रसिद्ध चित्रकारों की एक चित्रकारी कार्यशाला 'म्हारो प्यारो बीकाणो' से होगा। इस कार्यशाला में बीकानेर के 15 चित्रकार श्री लक्ष्मीनाथ जी पार्क की दीवारों पर चित्रकारी करेंगे। कार्यशाला के संयोजक पेंटर धर्मा स्वामी तथा उप संयोजक ने बताया कि, इस कार्यशाला में बीकानेर के 15 सुप्रसिद्ध चित्रकार पार्क की दीवार पर बीकानेर नगर के प्रमुख स्थानो -श्री लक्ष्मीनाथ जी मंदिर, श्री भांडाशाह जैन मंदिर, राव बीकाजी की टेकरी, कोटगेट,जूनागढ़ फोर्ट, जिलाधीश कार्यालय,लक्ष्मी निवास पैलेस, रामपुरिया हवेली, देशनोक करणी माता मंदिर, गजनेर झील, कोलायत सरोवर के चित्र उकेर कर अपने शहर के प्रति अपनी कृतज्ञता और सम्मान प्रदर्शित करेंगे।

बीकानेर के समग्र विकास में नहीं छोड़ी जायेगी कसर : जैन

बीकानेर,(निसं)। जिला उद्योग संघ अध्यक्ष द्वारकाप्रसाद पचीसिया, सचिव वीरेंद्र किराडू, संयुक्त सचिव श्यामसुन्दर सोनी, राजीव शर्मा, अरविंद चौधरी एवं पिंटू राठी ने जिला कलक्टर निशांत जैन से मिलकर बीकानेर के औद्योगिक व व्यापारिक विकास के मुद्दों पर चर्चा की। अध्यक्ष द्वारकाप्रसाद पचीसिया ने बताया कि बीछवाल औद्योगिक क्षेत्र स्थित 1 लाख 32 हजार मीटर का भूखंड है जो कि वर्ष 2002 से बंद पड़ा है तिलम संघ की रिक्त भूमि पापड़, भुजिया, बड़ी व नमकीन जैसे उद्योगों की फूड जोन की स्थापना के लिए उचित स्थान है। इसमें तकरीबन 75 से 90 लघु उद्योग की इकाइयां आसानी से स्थापित हो सकती है । इससे शहरी क्षेत्रों में स्थापित लघु उद्योगों को भी इकाई स्थापना के लिए उचित स्थान मिल सकेगा। साथ ही बीछवाल औद्योगिक क्षेत्र एवं करणी औद्योगिक क्षेत्र की लिंक रोड़ पर रेलवे फाटक है जो करीब करीब दिनभर में 35 से 40 बार बंद होता है जिस कारण से करणी व बीछवाल औद्योगिक क्षेत्र की राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय औद्योगिक इकाइयों के कारोबार में फाटक खुलने की प्रतीक्षा में समय का बहुत नुकसान होता है । इस समस्या का समाधान करवाने हेतु इस मार्ग पर ओवरब्रिज बनवाने की अनुशंसा रीको चेयरमेन से की जाए साथ ही रानीबाजार औद्योगिक क्षेत्र की रोड़ नंबर 5 पर बने डिवाइडर जो कि जगह जगह से टूट चुके हैं इन डिवाइडर को रिपेयरिंग करवाते हुए इसकी ऊंचाई बढाई जाए तथा सड़क को रिपेयर करवाते हुए उचित विद्युत व्यवस्था बहाल करवाई जाए तथा रानीबाजार औद्योगिक क्षेत्र की रोड़ नंबर 5 से चोपड़ा कटला तक के मार्ग पर दोनों और सड़क का सौन्दर्यकरण करवाते हुए आवागमन सुलभ करवाया जाए ।

- पचीसिया ने की जिला कलक्टर से औद्योगिक विकास के पहलुओं पर चर्चा

महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती पर रक्तदान शिविर

सूरतगढ़,(निसं)। यहा महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती के अवसर पर डॉ. अंबेडकर नवयुवक संघ ने अंबेडकर भवन में एक कार्यक्रम और स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। यह आयोजन शनिवार को हुआ, जिसमें शहर के गणमान्य नागरिकों, डॉ. अंबेडकर शिक्षक संघ के पदाधिकारियों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। विभिन्न समाजों के लोगों ने महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस शिविर में मैत्री ब्लड सेंटर सूरतगढ़ की डॉ. सुनील योगी की टीम ने रक्त संग्रह का कार्य संभाला।

- 41 यूनिट रक्त संग्रह, डॉ. अंबेडकर नवयुवक संघ के तत्वावधान में हुआ आयोजन

कुल 41 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। उपस्थित लोगों ने महात्मा ज्योतिबा फुले के समाज सुधार, महिला शिक्षा और सामाजिक समानता के क्षेत्र में दिए गए योगदान को याद किया और उनके आदर्शों को अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में डॉ. अंबेडकर नवयुवक संघ के अध्यक्ष मनिंदर सारसर और सचिव दलीप करडू उपस्थित रहे। इनके साथ नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश कालवा, भाजपा नेता संदीप कासनियां, कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष परसराम भाटिया, पूर्व विधायक राजेंद्र भादू, राकेश राठी, साहब राम छिपा, यूथ कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता योगेश मेघवाल, हरचंद सांसी, संयुक्त व्यापार मंडल अध्यक्ष अवतार सिंह सरां और सचिव नरेंद्र उर्फ मोनू कालड़ा सहित कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी शिरकत की। इसके अतिरिक्त रोहिताश होटला, इंद्राज कालवा, ओमप्रकाश अठवाल, बलवंत बिश्नोई, राजेंद्र ताखर, वेद प्रकाश कड़वासरा, राजेश कुमार, कुम्हार समाज अध्यक्ष नथूराम कलवासिया, ओमप्रकाश गेदर, कमलेश मीणा, अमर सिंह राठौड़, अध्यक्ष बलराम वर्मा और बलराम कुकड़वाल सहित विभिन्न समाजों के लोगों ने महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर शिविर में सहयोग दिया। इस अवसर पर अंबेडकर शिक्षक संघ के अध्यक्ष कृष्ण कुमार सोलंकी, रामचंद्र मेहरड़ा, पोखर राम सिंगाठीयां, रामअवध यादव, गुरदीप कुमार, भगत सिंह स्पोर्ट्स डिफेंस एकेडमी के कोच सलीम और एवरग्रीन स्पोर्ट्स डिफेंस एकेडमी के कोच गुरुप्रेम मान ने युवाओं को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में सेवा और मानवता के भाव को बढ़ावा देना था।

अब वैध सर्टिफिकेट पर ही दिव्यांग छात्रों को मिलेगा स्कूल में प्रवेश

बीकानेर,(निसं)। विशेष आवश्यकता वाले बच्चे (दिव्यांग) को अब स्कूलों में वेद श्रेणी दिव्यांगता प्रमाण पत्र होने पर ही प्रवेश दिया जाएगा। प्रमाण पत्र में दिव्यांगता का प्रकार व प्रतिशत स्पष्ट रूप से अंकित होना जरूरी होगा। शिक्षा (ग्रुप- 1) विभाग के संयुक्त शासन सचिव मुन्नी मीणा ने स्कूल शिक्षा परिषद के राज्य परियोजना निदेशक सहित माध्यमिक एवं प्रारंभिक निदेशक को इस संबंध में पत्र लिखकर के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को विद्यालय में प्रवेश देने के दिए निर्देश दिए हैं। पत्र में संयुक्त शासन सचिव मीणा ने निर्देश दिए कि समावेशी शिक्षा अन्तर्गत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को समान अवसर प्रदान करना विभाग की प्राथमिकता है। इन दिशा-निर्देशों का उद्देश्य विद्यालयों में सीडब्लूएसएन श्रेणी के विद्यार्थिन्यों के प्रवेश को सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं प्रमाण-आधारित बनाना है।

समावेशी शिक्षा के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सीडब्लयूएसएन श्रेणी के विद्यार्थिन्यों के प्रवेश में एकरूप प्रक्रिया निर्धारित करने के लिए विद्यार्थिन्यों का प्रवेश केवल वैध श्रेणी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने पर ही प्रदान किया जाए। फर्जी अथवा अपूर्ण दस्तावेजों के आधार पर दिव्यांग श्रेणी में प्रवेश नहीं दिया जाए। जो विद्यार्थी शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक या संवेदनात्मक दिव्यांगता से ग्रस्त हैं, को वर्तमान में मान्य सरकारी अस्पताल, चिकित्सा बोर्ड अथवा अधिकृत संस्था के सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी वैध श्रेणी दिव्यांगता प्रमाण-पत्र उपलब्ध करवाएं जाने पर ही उस श्रेणी में प्रवेश दिया जाएं।

निर्देश के मुताबिक विशेष परिस्थितियों में यदि कोई अभिभावक प्रमाण-पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाता है, तो उसे निर्धारित समयावधि (अधिकतम 30 दिन) के भीतर प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने का अवसर दिया जा सकता है। निर्धारित समयावधि में प्रमाण-पत्र प्रस्तुत न करने पर प्रवेश दिव्यांग श्रेणी में निरस्त कर सामान्य श्रेणी में प्रवेश दिया जाए।

अरजनसर में फिर बदला मौसम

अरजनसर,(निसं)। कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में एक बार फिर मौसम ने करवट ले ली है। आसमान में बादलों की सक्रियता बढ़ने से मौसम में अस्थिरता साफ देखी जा रही है। मौसम विभाग ने 11 और 12 अप्रैल को आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है, जिससे किसानों और आमजन की चिंता बढ़ गई है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और जेट स्ट्रीम में बदलाव के कारण यह बदलाव देखने को मिल रहा है।

बीडीए अध्यक्ष ने कबीर वाटिका के प्रगतिरत कार्यों का किया अवलोकन

बीकानेर, (निसं)। जिला कलेक्टर तथा बीकानेर विकास प्राधिकरण अध्यक्ष निशांत जैन ने शनिवार को कबीर वाटिका में प्रगतिरत कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान बीडीए आयुक्त सिद्धार्थ पलनीचामी, मुख्य अभियंता ललित ओझा सहित अन्य अधिकारी साथ रहे। जिला कलेक्टर ने कहा कि कबीर वाटिका, राज्य सरकार का अत्यंत महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट तथा महत्वपूर्ण बजट घोषणा है। इसके समस्त कार्य सुनियोजित तरीके से किए जाएं। कार्यों की गुणवत्ता के साथ समयबद्धता का भी ध्यान रखें। उन्होंने वर्तमान में प्रगतिरत कार्यों का अवलोकन किया। जिनमें चारदीवारी और भूमि के समतलीकरण का कार्य अंतिम चरण में है। उन्होंने ट्यूबवेल और रिचार्ज वेल से संबधित कार्यों को भी देखा। जिला कलेक्टर ने कहा कि सभी घटकों से जुड़े कार्य एक साथ करें तथा प्रशासनिक एवं तकनीकी अधिकारी इनकी नियमित मॉनिटरिंग करें। पलनीचामी ने बताया कि राज्य सरकार की वित्तीय वर्ष 2025-26 की बजट घोषणा की अनुपालना में बीडीए द्वारा लगभग 34 हेक्टेयर क्षेत्र में 52 करोड रुपए की लागत से इसका निर्माण करवाया जा रहा है। उन्होंने अब तक हुए कार्यों के बारे में बताया और भावी योजना की जानकारी दी।

महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती से हुई अंबेडकर कार्यक्रमों की शुरूआत

बीकानेर, (निसं)। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की विचारधारा से जन सामान्य को अवगत एवं जागरूक करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में चार दिवसीय कार्यक्रमों की शुरुआत शनिवार को महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती से हुई। इस अवसर पर जयनारायण व्यास कॉलोनी रोड स्थित राजकीय महाविद्यालय स्तरीय आर्थिक पिछड़ा वर्ग छात्रावास में कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिला कलेक्टर निशांत जैन ने डॉ. अंबेडकर और ज्योतिबा फुले के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि और दीप प्रज्वलित कर इसकी शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले सामाजिक चेतना और बालिका शिक्षा के अग्रदूत थे। ऐसे महापुरुषों के सिद्धांतों और आदर्शों का हमें अनुसरण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार 11 से 14 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारी सरकार के निर्देशों की अक्षरश: पालना सुनिश्चित करें, जिससे अधिक से अधिक लोगों तक बाबा साहेब के सिद्धांतों को पहुंचाया जा सके। जिला कलेक्टर ने यहां आवासित बालिकाओं से बातचीत की और जीवन में आशातीत सफलता के लिए लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने की सीख दी।

महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते निशांत जैन।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एलडी पंवार ने बताया कि कार्यक्रमों की श्रृंखला में रविवार को जिला एवं ब्लॉक स्तर पर संविधान को जाने-ऑन लाइन क्विज प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा। सोमवार को जिला व ब्लॉक स्तर पर स्वच्छता एवं सामाजिक समरसता, बाबा साहेब के सामाजिक न्याय दर्शन एवं उनके जीवन पर आधारित संगोष्ठी, बाबा साहेब के जीवन वृत्त पर व्याख्यान के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं 14 अप्रैल को जिला एवं ब्लॉक स्तर पर डॉ. अम्बेड़कर जयंती के समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिला मुख्यालय पर अम्बेड़कर सर्किल पर प्रात: 8 बजे कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान नगर निगम आयुक्त सिद्धार्थ पलनीचामी, उपखंड अधिकारी महिमा कसाना, प्रशिक्षु आईएएस स्वाति शर्मा, आदि मौजूद रहे।

- जिला कलेक्टर निशांत जैन ने डॉ. अंबेडकर और ज्योतिबा फुले के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि और दीप प्रज्वलित कर इसकी शुरुआत की

बैसाखी पर 'गीतों का गुलदस्ता', नशा मुक्ति का संदेश

सूरतगढ़,(निसं)। जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्ति अभियान के तहत एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम 'गीतों का गुलदस्ता' आयोजित किया जा रहा है।

बैसाखी के अवसर पर शाम को शहर की पुरानी धानमंडी में होने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखकर संगीत और कला से जोड़ना है। इसका आयोजन 'नशा छोड़ें, संगीत से जुड़ें' थीम पर मनन संगीत कला समिति, सूरतगढ़ द्वारा किया जा रहा है।

कार्यक्रम प्रभारी राजू जनागल ने शनिवार को बताया कि इस आयोजन में डेजर्ट ऑफ राजस्थान श्याम देव कल्ला और वॉइस ऑफ राजस्थान रुखसाना मिरासी सहित श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर, अनूपगढ़ और चूरू जिलों के कई युवा एवं प्रतिभाशाली कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इन प्रस्तुतियों में लोकगीत, सूफी गीत, देशभक्ति गीत और सामाजिक संदेश देने वाले गीत शामिल होंगे। इनका मुख्य लक्ष्य समाज में नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता फैलाना है।

समिति के मोहम्मद अली 'कादरी' ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रखकर उन्हें संगीत और कला के माध्यम से सकारात्मक दिशा में प्रेरित करना है। ऐसे सांस्कृतिक आयोजन समाज में सकारात्मक वातावरण बनाते हैं और युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करते हैं।

- 'नशा छोड़ें, संगीत से जुड़ें' थीम पर पुरानी धानमंडी में होगा सांस्कृतिक आयोजन

कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, बीकानेर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस
मु.नं.-130/26/1019 दिनांक-8.4.26
सर्वसाधारण को सूचनार्थ
नोटिस
चूंकि श्रीगोपाल राठी पुत्र श्री भंवरलाल निवासी मोमासर बास, श्रीडूँगरगढ बीकानेर ने श्री महेश्वरी चेरिटेबल ट्रस्ट, बीकानेर प्रन्यास में नये न्यासियों के नाम दर्ज करने के संबंध में राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अंतर्गत जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतएव धारा 23 की प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम व्यापक जानकारी के लिये यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्ति यदि कोई हो, प्रस्तुत करें। और यह भी सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निष्कर्ष किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जायेगा। नोटिस आज दिनांक 8.4.2026 को मेरे हस्ताक्षर व कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया। प्रकरण की सुनवाई दिनांक 11.5.2026 निश्चित है।
सहायक आयुक्त
तहसीलदार(राजस्व) मूल नोटिस बाद तामिल पेशी से पूर्व लौटाने की व्यवस्था करे देवस्थान विभाग बीकानेर